Daily COVID-19 Updates

27 June, 2020

Dr. Syama Prasad Mookerjee Research Foundation

#AatmaNirbharBharatAbhiyan

#IndiaFightsCorona



- 2,95,881 people affected with coronavirus cured in the country.
- Indian Council of Medical Research (ICMR) has supplied diagnostic material for carrying out 4.7 lakh RT-PCR tests to the 12 functional labs in Delhi, till date: Government of India
- Haryana Government, to set up a Bulk Drugs Park at Panipat on 1000 acres of developed industrial land. Bulk Drug Park would reduce manufacturing cost of bulk drugs in the country and dependency on other countries for bulk drugs.
- Karnataka Chief Minister B S Yediyurappa has decided to appoint a nodal officer and set up a throat swab testing facility for each Assembly constituency for handling the COVID-19 situation.

@spmrfoundation @spmrf.org

27 June 2020

COVID-19 Tracker

As on 27th June, till 8 AM

Confirmed Cases	508,953	(▲18,552)
Active Cases	197,387	(▲7,924)
Cured*	295,881	(▲10,244)
Deaths	15,685	(▲384)



Statewise - Confirmed Cases (3000+)



Cured vs. Deaths



*One migrated case is included in Cured

*▲ indicates increase in the number in the last 24 hrs

@COVIDNewsByMIB

कोरोना महामारी के उपरांत श्रमिकों के लिए वरदान साबित होगा 'गरीब कल्याण रोजगार अभियान'

कोविड-19 महामारी का सामान्य कामगारों, विशेषकर प्रवासी श्रमिकों को बुनियादी सुविधाएं एवं आजीविका के साधन उपलब्ध कराने के क्रम में मोदी सरकार ने विभिन्न सेक्टरों में विकास को नई गति प्रदान करने के लिए आत्मनिर्भर भारत पैकेज की घोषणा की। देश के पिछड़े क्षेत्रों में बुनियादी ढांचागत सुविधाएं तैयार करने पर विशेष जोर देते हुए रोजगार सृजन के लिए 20 जून, 2020 को 'गरीब कल्याण रोजगार अभियान' का शुभारंभ किया गया।

उत्तर प्रदेश में लगभग 30 लाख प्रवासी श्रमिक अपने-अपने घर वापस लौट चुके हैं। उत्तर प्रदेश के 31 जिलों में 25,000 से भी अधिक प्रवासी श्रमिक अपने घर वापस आ चुके हैं। इनमें 5 आकांक्षी जिले भी शामिल हैं। उत्तर प्रदेश की सरकार ने उद्योग और अन्य संगठनों के साथ साझेदारी करते हुए एक अनूठी पहल 'आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश रोजगार अभियान' की परिकल्पना की है जिसके तहत भारत सरकार और राज्य सरकार के कार्यक्रमों में सामंजस्य स्थापित किया गया है। यह अभियान रोजगार प्रदान करने, स्थानीय उद्यमिता को बढ़ावा देने और रोजगार के अवसर मुहैया कराने के लिए औद्योगिक संघों और अन्य संगठनों के साथ साझेदारी करने पर विशेष रूप से केंद्रित है।

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी 26 जून, 2020 को सुबह 11 बजे उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री की उपस्थिति में वीडियो-कॉन्फ्रेंस के माध्यम से इस अभियान का शुभारंभ करेंगे। इसके अलावा उत्तर प्रदेश के संबंधित मंत्रालयों के मंत्री भी वर्चुअल लॉन्चिंग में भाग लेंगे। प्रधानमंत्री उत्तर प्रदेश के छह जिलों के ग्रामीणों के साथ संवाद करेंगे। कोविड-19 महामारी के मद्देनजर सामाजिक दूरी बनाए रखने के मानदंडों का पालन करते हुए उत्तर प्रदेश के सभी जिलों के गांवों के लोग साझा सेवा केंद्रों (कॉमन सर्विस सेंटर) और कृषि विज्ञान केंद्रों के माध्यम से इस कार्यक्रम में शामिल होंगे।

Positive India:

1. Coronavirus: देश में अब करीब 19 दिनों में दोगुने हो रहे मामले, मृत्यु दर लगभग 3%: स्वास्थ्य मंत्री डॉ. हर्षवर्धन- https://www.jagran.com/news/national-coronavirus-india-doubling-rate-has-come-down-to-near-19-days-mortality-rate-is-very-less-union-health-minister-dr-harsh-vardhan-20443894.html

2. स्वास्थ्य मंत्रालय ने कोरोना मरीजों के लिए डेक्सामेथासोन की दी अनुमति, ले मेथिलप्रेडनिसोलोन का होता था प्रयोग- https://www.jagran.com/news/national-ministry-of-health-allowed-dexamethasone-for-corona-patients-previously-methylprednisolone-to-be-used-20443884.html

3. मध्य प्रदेश में मजदूरों के कल्याण और विकास के लिए 'प्रवासी श्रमिक आयोग' गठित- https://www.jagran.com/news/national-mp-forms-commission-to-give-jobs-to-returnee-migrant-workers-forms-20443827.html

4. Coronavirus: केंद्र सरकार ने दिल्ली में 12 लैब को 4.7 RT PCR टेस्ट के लिए दी सामाग्री- https://www.jagran.com/news/national-icmr-has-supplied-diagnostic-material-for-carrying-out-lakhs-of-rt-pcr-tests-to-the-12-functional-labs-in-delhi-20443779.html

5. PM मोदी बोले- भारत कई देशों से बेहतर हालत में, बढ़ रही रिकवरी रेट, 'दो गज की दूरी' अभी भी जरूरी- https://www.jagran.com/news/national-pm-modi-to-address-the-90th-birthday-celebrations-of-the-most-rev-dr-joseph-mar-thoma-metropolitan-20443667.html

6. देश में अब तक करीब 3 लाख लोग हुए ठीक, 58% से अधिक रिकवरी रेट- https://www.jagran.com/news/national-coronavirus-india-news-updates-295881-people-recovered-in-the-country-so-far-fast-rising-recovery-rate-20443627.html

7. Positive India : IIT-IIM के छात्रों के साथ मिलकर ये IAS अधिकारी दिला रहे हैं मजदूरों को रोजगार- https://www.jagran.com/news/national-together-with-the-students-of-iit-iim-ias-officer-abhishek-singh-is-providing-jobs-to-laborers-20443598.html

8. Coronavirus: नगालैंड में अपनाई जा रही है सख्त क्वारेंटाइन नीति; राज्य प्रवक्ता- https://www.jagran.com/news/national-nagaland-followed-strict-quarantine-policy-to-contain-covid-19-state-official-20443505.html

9. कोरोना के एक से तीन फीसदी मरीजों को ही ऑक्सीजन की दरकार- https://www.livehindustan.com/national/story-only-one-to-three-percent-of-corona-patients-need-oxygen-3309224.html

10. दिल्ली : सरदार पटेल कोविड केयर सेंटर पूरी तरह तैयार, आज अमित शाह और केजरीवाल लेंगे जायजा- https://www.livehindustan.com/ncr/story-amit-shah-and-arvind-kejriwal-will-visit-sardar-patel-covid-care-centre-at-radha-soami-satsang-beas-in-delhi-3309612.html

11. फेज-3 की तैयारी: परीक्षण सफल रहा, तो एक ही दवा से होगा कोरोना का बचाव और उपचार- https://www.livehindustan.com/national/story-csir-coronavirus-medicine-mw-test-in-phase-3-stage-3309086.html

India Fights Corona (Updates):

- भारत में एक दिन में 18,552नए मामलों के साथ COVID19 के मामलों का आंकड़ा 5 लाख के पार, 384 लोगों की मौत हुई। भारत में कोरोना पॉजिटिव मामलों की कुल संख्या 5,08,953 है, जिसमें 1,97,387 सक्रिय मामले, 2,95,881 ठीक/डिस्चार्ज/विस्थापित मामले, 15,685 मौतें शामिल हैं:स्वास्थ्य मंत्रालय

- 26 जून 2020 तक कुल 79,96,707 सैंपल का टेस्ट किया गया, 26 जून को 2,20,479 सैंपल का टेस्ट किया गया: भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद(ICMR)

- इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च (ICMR) ने दिल्ली में काम कर रहीं 12 लैब को 4.7 लाख RT-PCR टेस्ट करने के लिए डायग्नोस्टिक मटेरियल की आपूर्ति की है: भारत सरकार

- दिल्ली ने कल एक दिन में सबसे ज़्यादा 21,144 टेस्ट किए। हमने टेस्टिंग को 4 गुना बढ़ा दिया है: दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल

- पिछले 24 घंटे में सीमा सुरक्षा बल (BSF) में कोरोना वायरस के 43 नए मामले सामने आए हैं। सीमा सुरक्षा बल में कोरोना वायरस पॉजिटिव मामलों की कुल संख्या अब 911 है। अब तक 633 BSF कर्मी कोरोना वायरस से ठीक और डिस्चार्ज हुए हैं: सीमा सुरक्षा बल (BSF)

- 1 जुलाई 2020 से कोरोना वायरस से होने वाली मौतों को गूगल फॉर्म पर दर्ज करने का नया सिस्टम होगा। अस्पताल के नोडल अधिकारी को निर्देश दिया गया है कि वो 1 जुलाई 2020 से अपने अस्पताल से 48 घंटे के अंदर मौत को रिपोर्ट करना सुनिश्चित करें: बृहन्मुंबई नगर निगम (BMC)

- दिल्ली: राष्ट्रीय राजधानी में कोरोना वायरस पॉजिटिव मामलों की कुल संख्या 77,240 है, कोरोना वायरस सक्रिय मामलों की संख्या 27,657 है।

- मुंबई में आज कोरोना वायरस के 1,297 नए मामले सामने आए और 44 लोगों की मौत हुई। मुंबई में अब कोरोना वायरस पॉजिटिव मामलों की कुल संख्या बढ़कर

72,287 हो गई है, कोरोना वायरस से होने वाली मौतों का आंकड़ा 4,177 है: ग्रेटर मुंबई नगर निगम

- हिमाचल प्रदेश में कोरोना वायरस पॉजिटिव मामलों की कुल संख्या बढ़कर 864 हो गई है: राज्य स्वास्थ्य विभाग

- झारखंड में आज कोरोना वायरस के 29 नए मामले सामने आए हैं। राज्य में अब कोरोना वायरस पॉजिटिव मामलों की कुल संख्या बढ़कर 2,294 हो गई है, इसमें 1,647 ठीक हो चुके मामले और 12 मौतें शामिल हैं: राज्य स्वास्थ्य विभाग

- राजस्थान में कोरोना वायरस के 364 नए मामले सामने आए और 1 मौत हुई। राज्य में कोरोना वायरस पॉजिटिव मामलों की कुल संख्या बढ़कर 16,660 हो गई है, कोरोना वायरस सक्रिय मामलों की संख्या 3,218 है और कोरोना वायरस से होने वाली मौतों का आंकड़ा 380 है: राज्य स्वास्थ्य विभाग

- गुजरात में पिछले 24 घंटे में कोरोना वायरस के 580 नए मामले सामने आए हैं और 18 लोगों की मौत हुई है। राज्य में कोरोना वायरस पॉजिटिव मामलों की कुल संख्या बढ़कर 30,158 हो गई है, जिसमें 22,038ठीक/डिस्चार्ज हो चुके मामले और 1,772 मौतें शामिल हैं: राज्य स्वास्थ्य विभाग

- कर्नाटक में आज कोरोना वायरस के 445 नए मामले सामने आए हैं। राज्य में अब कोरोना वायरस पॉजिटिव मामलों की कुल संख्या बढ़कर 11,005 हो गई है जिसमें 6,916 डिस्चार्ज हो चुके मामले, 3,905 सक्रिय मामले और 180 मौतें शामिल हैं: राज्य स्वास्थ्य विभाग

- पंजाब में आज कोरोना वायरस के 188 नए मामले सामने आए हैं। राज्य में अब कोरोना वायरस पॉजिटिव मामलों की कुल संख्या बढ़कर 4,957 हो गई है। कोरोना वायरस से होने वाली मौतों का आंकड़ा 122 है: राज्य स्वास्थ्य विभाग

- हरियाणा में आज कोरोना वायरस के 421 नए मामले सामने आए हैं। राज्य में कोरोना वायरस पॉजिटिव मामलों की कुल संख्या बढ़कर 12,884 हो गई है जिसमें 4,657 सक्रिय मामले शामिल हैं। अब तक 211 मरीज़ों की कोरोना वायरस से मौत हुई है: राज्य स्वास्थ्य विभाग

Covid-19 Updates (Worldwide):

- India now has more than 500,000 confirmed coronavirus cases, according to government figures that show a record daily leap of 18,500 new infections : AFP

- IMF board approved a one-year, $5.2 billion financing package for Egypt to help alleviate the pandemic's economic impact. The aid will focus first on health and social spending, as well as financial stability to keep a lid on inflation: AFP

- Brazilian President JairBolsonaro appealed a court ruling that requires him to wear a face mask in public during the coronavirus pandemic, calling it "unnecessary".

- Mexico has surpassed 25,000 COVID-19 deaths and 200,000 cases, the government says. Jose Luis Alomia, head of epidemiology at the health secretariat, said the country of 127 million has reached 25,060 deaths and 202,951 cases since reporting first infection almost 4 months ago.

- Another 1.48 million Americans filed new jobless claims last week, total since business shutdowns began in mid-March tops 47.2 million: AFP

कोरोना जैसी महामारी में भी श्रमिकों के हितों को सुरक्षित रखने में सफल रही मोदी सरकार

हमें आज़ाद हुए सात दशक से अधिक समय हो चुका है, लेकिन इस दौरान की अधिकतर पूर्ववर्ती सरकारों का जनता को लेकर रवैया ऐसा रहा कि सरकारी तंत्र से कोई उम्मीद रखना ही देश की अवाम छोड़ चुकी थी। लेकिन पिछले छह वर्षों में देश में काफ़ी बदलाव हुए हैं, न सिर्फ़ राजनैतिक लिहाज़ से बल्कि सरकार के प्रति जनता के मिज़ाज में भी।मोदी सरकार ने पिछले छह सालों में "सबका साथ- सबका विकास" के नारे के साथ जनकल्याण के जो कार्य किए हैं, उन्हें देखते हुए विपक्ष मुद्दाविहीन और हताश हो चुका है। सच पूछिए तो विपक्षी दलों की चूलें हिल चुकी हैं। इसी कारण अब विपक्ष अपने अस्तित्व को जिंदा रखने के लिए विपदा के समय में भी सरकार का साथ देने के बजाय उसकी नाकामी गिनाने में लगा हुआ है।कोरोना जैसी वैश्विक समस्या पहले तो कभी आई नहीं थी। फ़िर भी मोदी सरकार ने न केवल इस आपदा से बचाव के लिए शानदार ढंग से काम किया है, बल्कि इसे अवसर में तब्दील करने में भी जी-जान से जुटी हुई है। वहीं देश के विपक्षी दल हैं जो सिर्फ़ विरोध का बेसुरा राग अलाप कर अपने होने का अहसास करा रहे हैं।यह ठीक है कि लॉकडाउन के दौरान कई प्रकार की समस्याएं सभी को आईं, लेकिन उन्हें दूर करने का जो माद्दा मोदी सरकार ने दिखाया शायद कांग्रेस की किसी पूर्ववर्ती सरकार के कार्यकाल में कोरोना जैसी आपदा की स्थिति में ऐसे प्रबंधन की कल्पना भी नहीं की जा सकती थी।लॉकडाउन के दौरान जब मोदी सरकार ने सभी को सुरक्षित करने और मानसिक रूप से स्वस्थ रहने के लिए ताली और थाली बजाकर कोरोना वॉरियर्स का समर्थन करने को कहा, तो उसे भी विपक्ष ने सरकार की सनक करार दिया, लेकिन कहीं न कहीं मोदी सरकार की दूरदृष्टि और सकारात्मक सोच का परिणाम ही रहा कि आज कोरोना से लड़ाई में हम अच्छी स्थिति में है।

Source: http://www.nationalistonline.com/2020/06/26/modi-government-succeeded-in-protecting-the-interests-of-workers-even-in-epidemics-like-corona/

Prepared by:

Adarsh Tiwari

Abhay Singh

Manujam Pandey